प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. 16वें वित्त आयोग की टीम आज पहुंची रांची, 30 मई को रांची में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ होगी अहम बैठक, केंद्र और राज्य सरकार के बीच राजस्व के बंटवारे का होगा निर्धारण।
2. शराब घोटाला में एसीबी आज विनय चौबे के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट से कर रही है पूछताछ, दोनों सीए पर शेल कंपनियों के खाता को संभालने का आरोप।
3. कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, रिम्स के डेंगू वार्ड में 20 बेड रिजर्व, मेडिसिन विभाग के ओपीडी में सैंपल कलेक्शन की व्यवस्था।
4. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कल से 12 जून तक चलाएगा अभियान, राज्य के सभी 24 जिलों में किसानों के द्वार तक पहुंचेगा वैज्ञानिकों का दल।

और

5. झारखंड की नायशा सरकार ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड राष्ट्रीय प्री–योग ओलंपियाड में जीता स्वर्ण पदक।

*****************

16वें वित्त आयोग की 14 सदस्यीय टीम आज रांची पहुंची, चार दिवसीय दौरे के क्रम में टीम रांची के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करेगी। आयोग एक अप्रैल 2026 से अगले पांच वर्षों की अवधि के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे का निर्धारण करेगी। आयोग को 31 अक्टूबर 2025 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। टीम कल देवघर में और 30 मई को रांची में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों और चौंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद राज्य सरकार के साथ भी बैठक होगी।

*****************

शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो आज जेल में बंद आईएएस विनय चौबे के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट से पूछताछ शुरू कर रही है। सीए धनंजय सिंह और उपेंद्र शर्मा को एसीबी ने पूछताछ के लिए सोमवार को नोटिस जारी कर बुलाया था। दोनों सीए पर शेल कंपनियों के खातों को मैनेज करने का आरोप है।

*****************

राज्य में कोविड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग मोड पर अलर्ट है। रिम्स प्रशासन ने इसकी जांच और इलाज के पुख्ता इंतजाम किए हैं। रिम्स प्रबंधन ने मेडिसिन विभाग के ओपीडी में कोविड स्क्रानिंग और सैंपल कलेक्शन का इंतजाम किया है। वहीं डेंगू वार्ड के 20 बेड को कोविड संक्रमित सामान्य रोगियों के लिए आरक्षित किया गया है।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाते हुए राष्ट्र, भारतीय सैनिकों की वीरता को प्रणाम करता है। सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि के रूप में, आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता सूबेदार जोगिंदर सिंह को याद कर रहे हैं जिन्होंने 1962 में चीन–भारत युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*****************

रांची के 19 प्रखंडों में 1 हजार 6 सौ 14 गृहरक्षकों (होमगार्ड) की बहाली होगी। इनमें 810 पुरुष और 804 महिलाएं शामिल हैं। इस संबंध में जिला स्तरीय भर्ती कमेटी ने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदकों की उम्र एक जनवरी 2025 तक 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदकों को आवासीय प्रमाण पत्र

आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सातवीं पास और शहरी के लिए मैट्रिक पास होना जरूरी होगा।

*****************

टाटानगर से 2 नये पैसेंजर ट्रेन चलाये जाने को मंजूरी मिल गयी है. ये ट्रेनें टाटानगर से चाकुलिया और टाटानगर से चाईबासा के लिए चलेंगी. इन ट्रेनों की समय सारिणी भी जारी कर दी गयी है. टाटानगर–चाकुलिया मेमू ट्रेन टाटानगर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे रवाना होगी। जल्द ही सांसद विद्युत वरण महतो इसका उद्घाटन करेंगे।

*****************

SIGNATURE TUNE—--GONG

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

SIGNATURE TUNE——GONG

*****************

बिरसा कृषि विवि के वैज्ञानिक राज्य के सभी 24 जिलों में किसानों के द्वार तक पहुंचेंगे। कृषि को ज्यादा लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि मंत्रालय की पहल पर कल से राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत होगी। यह अभियान 12 जून तक चलेगा। बीएयू के कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों के अलावा विवि से लगभग 40 वैज्ञानिकों को शामिल कर अलग–अलग टीम बनायी गयी है, जो राज्य के सभी जिलों में पहुंचेगी। हर टीम प्रतिदिन दो स्थानों पर जायेगी. हर स्थान पर 200 से 300 किसानों के साथ संवाद स्थापित करेगी।

*****************

लोहरदगा जिला मे कृषि विभाग द्वारा बीज दिवस मनाया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने फसलों के बीज को संरक्षित करने के महत्व को बताया, अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट–गोपी कृष्ण कुंवर, लोहरदगा–41 सेकेंड

*****************

56 वर्ष की उम्र में गंगा उरांव मैट्रिक परीक्षा सेकेंड डिविजन से पास कर अपने माथे से अंडर मैट्रिक होने का कलंक मिटा दिया है। गंगा उरांव खूंटी सदर प्रखंड के कालामाटी गांव निवासी एवं डीएसई कार्यालय में दैनिक वेतन पर चपरासी के पद पर कार्यरत है। उसने बिरसा उच्च विद्यालय चलागी खूंटी से परीक्षा दी थी।

साउंड बाइट–गंगा उरांव, खूंटी ऑन मैट्रिक– 14 सेकेंड

*****************

रामगढ के उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी मांगी।

*****************

मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच आज घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। शुरुआती कारोबार में उपभोक्ता सामान और ऑटो सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 204 अंक की गिरावट के साथ 81, हजार 347 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 58 अंक गिरकर 24 हजार 769 पर था।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अट्ठासी हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम केंद्र रांची ने अगले तीन घंटों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। झारखंड के ज्यादातर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इधर मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रांची जिले में छिटपूट बारिश हो रही है। वहीं 30 मई को गिरिडीह, धनबाद, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका, देवघर और जामताड़ा में भारी बारिश की संभावना है।

*****************

सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, जमशेदपुर की छात्रा नायशा ने देहरादून स्थित सेंट जोसेफ्स एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय प्री–योग ओलंपियाड में अंडर–17 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ, नायशा को जून में कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में सीआईएससीई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है।

******समाप्त**********